भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 466

दिनांक 26 फरवरी, 2016 को उत्तर के लिए

पोक्सो एक्ट

466. श्रीमती जयश्रीबेन पटेलः

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल ओफेन्स एक्ट, 2012 (पोक्सो) के अंतर्गत कितने विशेष न्यायालय स्थापित किए गए हैं तथा ये न्यायालय किन राज्यों में स्थित हैं;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान पोक्सो एक्ट के अंतर्गत कितने मामले दर्ज किए गए और कितने मामले लम्बित हैं; और

(ग) सरकार द्वारा मामलों के शीघ्र निपटान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

श्रीमती मेनका संजय गांधी   महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) : एनसीपीसीआर के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम, 2012 के अंतर्गत 654 जिलों में 605 विशेष न्यायालय स्थापित किए गए है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे अनुलग्नक-। में दिए गए हैं।

(ख) से (ग) : राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से एकत्र की गई तथा राष्ट्रीय बालक अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा मिलान की गई सूचना के आधार पर नवंबर, 2012 से मार्च, 2015 तक पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत 45498 मामले दर्ज किए गए; जिनमें से 4316 मामले राज्य पुलिस (जांच पड़ताल के अंतर्गत) के पास लम्बित हैं, और 35,700 मामले न्यायालयों के समक्ष लम्बित हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे अनुलग्नक-।। में दिए गए हैं। राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन से समय-समय पर विशेष न्यायालय स्थापित करने का अनुरोध किया गया है। संबंधित हितधारकों को विशेष न्यायालयों की स्थापना तथा बालकों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम, 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हाल ही में राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन आयोजित करके सुग्राही भी बनाया गया था।

*****

अनुलग्नक-I

'पोक्सो एक्ट' विषय पर श्रीमती जयश्रीबेन पटेल द्वारा दिनांक 26 फरवरी, 2016 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 466 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित विवरण

पोक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत नामित प्रत्येक जिले में स्थापित विशेष न्यायालयों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरें

क्र.सं.	राज्य का नाम	**जिलों की संख्या**	**विशेष न्यायालयों की संख्या**
1.	आन्ध्र प्रदेश	13	13
2.	अरूणाचल प्रदेश	17	5
3.	असम	27	27
4.	बिहार	38	38
5.	छत्तीसगढ	27	16
6.	गोवा	2	1
7.	गुजरात	33	33
8.	हरियाणा	21	21
9.	हिमाचल प्रदेश	12	12
10.	झारखण्ड	24	24
11.	कर्नाटक	30	30
12.	केरल	14	14
13.	महाराष्ट्र	36	33
14.	मेघालय	11	4
15.	मणिपुर	9	9
16.	मध्य प्रदेश	51	50
17.	मिजोरम	8	2
18.	नागालैण्ड	11	11
19.	ओडिशा	30	30
20.	पंजाब	22	22
21.	राजस्थान	33	33
22.	सिक्किम	4	4
23.	तमिलनाडु	32	32
24.	तेलंगाना	10	10
25.	त्रिपुरा	8	8
26.	उत्तराखण्ड	13	13
27.	उत्तर प्रदेश	75	75
28.	पश्चिम बंगाल	20	20
29.	अण्डमान और निकोबार	3	1
30.	चण्डीगढ	1	1
31.	दमन और दीव	2	दिया नहीं
32.	दिल्ली	11	11
33.	दादर और नगर हवेली	1	1
34.	लक्षय द्वीव	1	1
35.	पुदुचेरी	4	दिया नहीं
	कुल	**654**	**605**

अनुलग्नक-।।

'पोक्सो एक्ट' विषय पर श्रीमती जयश्रीबेन पटेल द्वारा दिनांक 26 फरवरी, 2016 को पूछे जाने वाले

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 466 के उत्तर के भाग (ख) और (ग) में संदर्भित विवरण

पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत नवम्बर, 2012 से मार्च, 2015 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार दर्ज किए गए मामलों की स्थिति/ब्यौरे

राज्य	एफआईआर की कुल संख्या	जांच-पड़ताल के अंतर्गत	पूरी की गई जांच-पड़ताल		उल्लिखित न की गई स्थिति	निर्णयाधीन	रिहा किए गए	निपटाए गए		जिनकी स्थिति का उल्लेख नहीं किया गया
			दाखिलकिए गए आरोप	समाप्त किए गए				दोषमोचन	सिद्ध दोष	
अण्डमान और निकोबार	70	6	64			64				
आन्ध्र प्रदेश	1558	374	1167	15	2	1007	7	127	26	
अरूणाचल प्रदेश	54	11	43			42	1			
असम	803	649	154			154				
बिहार	797	115	642	7	33	582	30	20	10	
चण्डीगढ	130	2	127	1		43	4	41	39	
दादर और नगर हवेली	7	3	4			4				
गोवा	183	41	141	1		136	3	1	1	
हरियाणा	2102	44	1988	66	4	1035	93	559	296	5
हिमाचल प्रदेश	421	16	399	5	1	302	18	40	39	
झारखण्ड	420	78	326		16	326				
कर्नाटक	1483	172	1309		2	1166	2	106	35	
केरल	2821	463	2343	11	4	2274	13	20	36	
महाराष्ट्र	6421	543	5578	10	290	5159	31	229	158	1
मणिपुर	113	45	68			67			1	
मेघालय	81	3	78			66		12		
मिजोरम	135	12	121		2	118	2		1	
मध्य प्रदेश	7210	176	6808	37	189	5643	25	774	366	
नागालैण्ड	8	1	7			7				
ओडिशा	2810	403	2405		2	2263	2	111	28	1
पुदुचेरी	62	7	55			52			3	
पंजाब	836	94	714	28		334	5	239	136	
राजस्थान	4402	246	4139	2	15	3831	11	256	41	
सिक्किम	93	8	85			56	1		28	
तमिलनाडु	1618	292	1322	2	2	1077	2	172	70	1
त्रिपुरा	198	17	181			168	3	5	5	
उत्तर प्रदेश	8735	236	8447	1	51	8219	2	95	130	1
उत्तराखण्ड	287	18	269			228	5	21	15	
पश्चिम बंगाल	1640	241	1395		4	1277	23	60	35	
कुल	**45498**	**4316**	**40379**	**186**	**617**	**35700**	**283**	**2888**	**1499**	**9**